भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2802

जिसका उत्तर 11 मार्च, 2020 को दिया जाना है।

21 फाल्गुन, 1941 (शक)

स्त्री स्वाभिमान योजना

2802. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर :
श्री निशीथ प्रामाणिक :
श्री नारणभाई काछड़िया :
श्री परबतभाई सवाभाई पटेल :
श्री प्रदीप कुमार सिंह :
श्री शान्तनु ठाकुर :
श्रीमती गीताबेन वी. राठवा :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में सरकार की 'स्त्री स्वाभिमान योजना' के अंतर्गत किशोरियों और महिलाओं के लिए स्थापित किए गए सामान्य सेवा केंद्रों की गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत अब तक रोजगार प्राप्त करने वाली महिला उद्यमियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा महिलाओं को सेनेटरी पैड सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) और (ख) : देश भर में 'स्त्री स्वाभिमान योजना' के तहत किशोर लड़कियों और महिलाओं के लिए 764 सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) स्थापित किए गए हैं और 3359 महिला उद्यमियों को रोजगार प्रदान किया गया है। विवरण **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग) : स्त्री स्वाभिमान योजना तहत को महिलाओं के लिए गांव स्तर के उद्यमियों (वीएलई) को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) द्वारा सस्ती दर पर सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्थानीय बाजार के आधार पर ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) द्वारा सामान्य सेवा केंद्रों की दरें तय की जाती हैं।

*****

अनुबंध

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्त्री स्वाभिमान परियोजना के तहत स्थापित केंद्रों की संख्या	स्त्री स्वाभिमान परियोजना के तहत कार्यरत महिलाओं की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	8	40
2	असम	12	60
3	बिहार	61	305
4	छत्तीसगढ़	26	104
5	दिल्ली	3	12
6	गोवा	1	5
7	गुजरात	39	195
8	हरियाणा	9	45
9	हिमाचल प्रदेश	9	45
10	जम्मू और कश्मीर	4	20
11	झारखंड	39	195
12	कर्नाटक	9	36
13	केरल	1	5
14	मध्य प्रदेश	47	188
15	महाराष्ट्र	52	260
16	मिजोरम	1	5
17	नगालैंड	4	20
18	ओडिशा	272	1088
19	पंजाब	19	95
20	राजस्थान	47	188
21	तमिलनाडु	2	10
22	तेलंगाना	6	30
23	त्रिपुरा	1	5
24	उत्तर प्रदेश	57	228
25	उत्तराखंड	1 1	55
26	पश्चिम बंगाल	24	120
कुल		**764**	**3359**

*****